रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 127] नई दिल्ली, सोमवार, अप्रैल 13, 2015/चैत्र 23, 1937
No. 127] NEW DELHI, MONDAY, APRIL 13, 2015/CHAITRA 23, 1937

विद्युत मंत्रालय

(केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 13 अप्रैल, 2015

सं. सीईआई/1/2/2015.—केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा से संबंधित उपाय) संशोधन विनियम, 2014 के प्रारूप की बाबत, विद्युत (पिछले प्रकाशन के लिए कार्यविधि) नियम, 2005 के नियम 3 के उपनियम (2) के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 177 की उप धारा (3) के अधीन यथाआपेक्षित एक लोकसूचना 28 सितम्बर, 2014 को प्रकाशित की गयी थी जिसमें उन व्यक्तियों से जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, उस तारीख से 45 दिन की अवधि के समाप्त होने अर्थात् 12 नवम्बर, 2014 को या उससे पहले आक्षेप या सुझाव मांगे गये थे, जिस तारीख को उक्त लोकसूचना को अन्तर्विष्ट करने वाले प्रकाशन की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और उक्त लोकसूचना से युक्त उक्त प्रकाशन की प्रतियां 28 सितम्बर, 2014 को जनता को उपलब्ध करा दी गई थी;

उक्त प्रारूप विनियमों के संबंध में जनता से प्राप्त आक्षेपों और सुझाव पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा सम्यक् रूप से विचार कर लिया गया है;

अत:, अब, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, उक्त अधिनियम की धारा 53 के साथ पठित धारा 177 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ:-

(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा से संबंधित उपाय) संशोधन विनियम, 2015 है।

2. ये विनियम राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा और विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय) विनियम, 2010 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त विनियम कहा गया है) के विनियम 2 के उप विनियम (1) में,–

(क) खण्ड (च) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

'(च क) "चार्ड इलैक्ट्रिकल सुरक्षा इंजीनियर" से समुचित सरकार द्वारा विनियम 5 क में निर्दिष्ट रूप से यथाअधिसूचित किया गया व्यक्ति अभिप्रेत है;';

(ख) खण्ड (ध) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अन्त:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

'(ध क) "खान विद्युत निरीक्षक" से खानों और तेल क्षेत्रों के इलैक्ट्रिकल प्रतिष्ठापनों के प्रयोजन के लिए धारा 162 की उपधारा (1) के अधीन समुचित सरकार द्वारा उस हैसियत में नियुक्त किया गया व्यक्ति अभिप्रेत है;';

(ग) खण्ड (फ) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड रखा जाएगा, अर्थात्:-

'(फ) "ज्वलनरोधी परिसर" से ऐसा परिसर अभिप्रत है जिसमें उसके भाग में रखे जाने वाले विस्फोटक जो वातावरण को जला सकते हैं और जो किसी संमिश्र विस्फोटक के आंतरिक विस्फोट के दौरान दबाव के साथ बने रहते हैं तथा जो परिसर के आस-पास के वातावरण में विस्फोट के पारेषण को रोकता है;';

(घ) खण्ड (य क) के पश्चात् निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:-

'(य क क) "निरीक्षण अधिकारी" से इन विनियमों के अधीन इलैक्ट्रिकल प्रतिष्ठापनों के परिक्षण और निरीक्षण के लिए उत्तरदायी अधिकारी अभिप्रेत है;';

(ड) खण्ड (य ग) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा अर्थात्:-

"(य ग) सुरक्षित आंतरिक परिपथ" से उसकी सामान्य प्रचालन और त्रुटि की वह दशाएं जैसा कि मानक ब्यूरो में विनिर्दिष्ट है के अधीन प्रचालित कोई परिपथ सूचित है, जो उपरोक्त कही गयी दशाओं में प्रचालन के दौरान किसी चिंगारी, ज्वलन या किसी तापीय प्रभाव के प्रकट होने के समय, किसी प्रस्तुत गैसीय विस्फोटक वातावरण में ज्वलन कारित करने के योग्य नहीं है;';

(य ग क) "आंतरिक रूप से सुरक्षित यंत्र" से ऐसे विद्युत यंत्रों का सूचक है जिसमें सभी परिपथ आंतरिक रूप से सुरक्षित परिपथ हैं;';

(च) खण्ड (य ट) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अंतस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

'(य र क) "अधिसूचित वोल्टेज" से समुचित सरकार द्वारा विनियम 30 और विनियम 43 के अधीन स्व-प्रमाणन के प्रयोजन के लिए अधिसूचित वोल्टेज अभिप्रेत है;';

(छ) खण्ड (य ब) के पश्चात् निम्नलिखित खण्ड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

'(य ब क) "स्व-प्रमाणन" से आपूर्तिकर्ता या स्वामी द्वारा विनियम 30 और विनियम 43 के अधीन यथाअपेक्षित विहित प्ररूप में जारी किया गया प्रमाण-पत्र अभिप्रेत है;';

3. उक्त विनियम में विनियम 5 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात्:-

"5. इलैक्ट्रीकल सुरक्षा अधिकारी – (1) विद्युत के सभी आपूर्तिकर्ता जिसके अंतर्गत उत्पादन कंपनियां और वितरण कंपनियां भी हैं इन विनियमों के अधीन विनिर्दिष्ट सुरक्षा उपायों का पालन सुनिश्चित करने के लिए अपने संगठन में विद्युत केंद्रों,

उपकेंद्रों, पारेषण और वितरण लाइनों के संनिर्माण, प्रचालन और रखरखाव के लिए एक इलैक्ट्रिकल सुरक्षा अधिकारी को पदाभिहित करेंगे।

(2) इलैक्ट्रिकल सुरक्षा अधिकारी इलैक्ट्रिकल इंजिनियरी में डिग्री के साथ इलैक्ट्रिकल प्रतिष्ठापनों के प्रचालन और रखरखाव में कम से कम पाँच वर्ष का अनुभव रखता हो।

(3) उप विनियम (1) के अधीन पदाभिहित इलैक्ट्रिकल सुरक्षा अधिकारी इन विनियमों के अधीन विनिर्दिष्ट सुरक्षा उपायों का पालन सुनिश्चित करने के लिए एक वर्ष से अनधिक अवधि के अंतराल पर ऐसे प्रतिष्ठापनों के सुसंगत मानकों के अनुसार आवधिक परिक्षण और निरिक्षण को पूरा करेगा, और यथास्थिति अनुसूची-IV के प्रारूप I या प्रारूप II या प्रारूप III में उसका रिकार्ड रखेगा और स्वामी द्वारा सम्यक् रूप से अभिस्वीकृत किए गए सुरक्षा अपेक्षाओं की सिफारिशों को उनके अनुपालन की तारीख के साथ रजिस्टर रखेगा, उसके पश्चात् उसे इलैक्ट्रिकल निरिक्षक को उपलब्ध कराएगा, जब और जैसे वह उसकी अपेक्षा करे।

(4) कारखाना अधिनियम, 1948 (1948 का 63) के अधीन रजिस्ट्रीकृत कारखाने सहित प्रत्येक इलेक्ट्रिकल संस्थापना और खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) में यथा परिभाषित खान और तेल क्षेत्रों के लिए, जहां 250 किलोवाट से ज्यादा का विद्युत लोड कनेक्ट हो, वहां यथास्थिति, प्रतिष्ठापन का स्वामी अथवा कारखाने या खान का प्रबंधमंडल, उप विनियम (2) में विनिर्दिष्ट अर्हता और अनुभव रखने वाले इलेक्ट्रिकल सुरक्षा अधिकारी को अधिनियम के अधीन निर्धारित किए गए सुरक्षा उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए अभिहित करेगा, जो सुसंगत मानकों के अनुसार सिफारिश किए गए आवधिक परीक्षण करेगा और अधिकतम एक वर्ष के अंतराल पर ऐसे प्रतिष्ठान का निरीक्षण करेगा और इन विनियमों की अनुसूची IV के, यथास्थिति, प्ररूप-I या प्ररूप-II या प्ररूप-III में, उनका अभिलेख रखेगा; और परीक्षण रिपोर्टों और स्वामी द्वारा भली भांति स्वीकृत सुरक्षा से संबंधित सिफारिशों और बाद में किए गए उनके अनुपालनों का एक रजिस्टर अनुरक्षित करेगा तथा जब भी आवश्यक होगा, ऐसे अभिलेखों को इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को उपलब्ध कराएगा।"

4. उक्त विनियमों में, विनियम 5 के बाद, निम्नलिखित विनियम अंत:स्थापित किया जाएगा अर्थात्:-

"5 (क) चार्टर्ड इलेक्ट्रिकल सुरक्षा इंजीनियर-

समुचित सरकार इन विनियमों के विनियम 30 और विनियम 43 के अधीन स्व-प्रमाणीकरण के प्रयोजन हेतु इलेक्ट्रिकल प्रतिष्ठापनों के स्वामी या आपूर्तिकर्ता अथवा उपभोक्ता की सहायता करने के लिए विनियम (5) के उप-विनियम (2) में यथा विनिर्दिष्ट अर्हता और अनुभव रखने वाले विद्युत सुरक्षा अभियंताओं को प्राधिकृत कर सकेगी।"।

5. उक्त विनियमों में, विनियम 30 के उप विनियम (2) से (5) के स्थान पर, निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(2) आपूर्तिकर्ता या उपभोक्ता से संबंधित अधिसूचित समान अथवा उससे कम वोल्टेज के प्रतिष्ठानों की समय-समय पर जांच और परीक्षण आपूर्तिकर्ता या उपभोक्ता द्वारा किया जाएगा और स्व-प्रमाणित किया जाएगा।

(3) इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर द्वारा आपूर्तिकर्ता या उपभोक्ता से संबंधित अधिसूचित वोल्टेज से अधिक वोल्टेज का आवधिक निरीक्षण और परीक्षण किया जाएगा:

परंतु आपूर्तिकर्ता या स्वामी या उपभोक्ता को समुचित सरकार के इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर द्वारा अपने प्रतिष्ठान का निरीक्षण और परीक्षण कराने का विकल्प प्राप्त होगा।

परंतु यह और कि खानों, तेल क्षेत्रों और रेलवे के प्रत्येक इलेक्ट्रिकल प्रतिष्ठान का समुचित सरकार के इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर द्वारा कालिकत: निरीक्षण और परीक्षण किया जाएगा।

(4) जहां, यथास्थति, केंद्रीय अथवा राज्य सरकार, द्वारा आपूर्तिकर्ता को प्रतिष्ठान का निरीक्षण और परीक्षण करने का निदेश दिया जाता है, वहां ऐसा आपूर्तिकर्ता अनुसूची-IV में विनिर्दिष्ट प्ररूप I, II और III में संबंधित उपभोक्ता को प्रतिष्ठान की स्थिति से अवगत कराएगा और इस रिपोर्ट की एक प्रति इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को प्रस्तुत करेगा।

(5) इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर, ऐसी रिपोर्ट प्राप्त होने पर, आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट अथवा अभिलेख में विभिन्नता, प्रत्येक मामले में परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, को स्वीकार कर सकता है और रिपोर्ट के अनुसार बताई गई त्रुटियों को दूर करने की सिफारिश कर सकता है।

(6) यदि किसी भी प्रतिष्ठान का स्वामी, इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर की रिपोर्ट में उल्लिखित त्रुटियों को इसके लिए निर्धारित समय-सीमा में दूर करने में असफल रहता है तो ऐसे प्रतिष्ठानों की इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर के निर्देश पर विद्युत आपूर्ति काट दी जाएगी। इसके लिए इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को कम से कम 48 घंटे का नोटिस प्रतिष्ठान के स्वामी को देना होगा :

परंतु उस मामले में प्रतिष्ठान को विद्युत आपूर्ति काटी नहीं जाएगी, यदि अधिनियम की धारा 162 की उप धारा (2) के अधीन अपील की गई है और अपीलीय प्राधिकारी ने बिजली काटने के आदेशों पर रोक लगा दी है।

(7) सभी प्रतिष्ठानों के स्वामियों का यह उत्तरदायित्व होगा कि वे प्रतिष्ठानों को जोखिम मुक्त स्थिति में अनुरक्षित तथा संचालित करें और जैसाकि विनिर्माता अथवा भारतीय मानक ब्यूरो की प्रथा के सुसंगत कोड द्वारा सिफारिश की गई हो।"

6. उक्त विनियमों में, विनियम 32 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात्:-

"32. विद्युत उत्पादक युनिटों की स्थापना और जांच:- क्षमता जिससे अधिक विद्युत उत्पादक युनिटों, जिनमें ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों से विद्युत का उत्पादन करने वाली विद्युत उत्पादक युनिटें शामिल हैं, की अधिनियम की धारा 162 की उपधारा (1) के अधीन समुचित सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार चालू होने से पहले इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर द्वारा निरीक्षण किए जाने की आवश्यकता होगी।"

7. उक्त विनियमों में, विनियम 42 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात्:-

"42. अर्थ लीकेज के बचाव के उपकरण:- 250 वॉट से अनधिक तथा 2 कि.वाट से कम क्षमता के विद्युत प्रतिष्ठान और 250 वो. से अनधिक वोल्ट वाले प्रतिष्ठान, जिन पर अधिनियम की धारा 54 के उपबंध लागू नहीं होते, को छोड़कर, प्रत्येक विद्युत प्रतिष्ठान को विद्युत की आपूर्ति अर्थ लीकेज सुरक्षा उपकरण द्वारा नियंत्रित की जाएगी, जिसकी अधिकतम अर्थ लीकेज थ्रेशोल्ड घरेलू कनेक्शनों के लिए 30 मिलिएम्प और अन्य सभी प्रतिष्ठानों के लिए 100 मिलिएम्प से अधिक नहीं होनी चाहिए, ताकि अर्थ फॉल्ट अथवा करंट की लीकेज के घटित होने पर आपूर्ति को तत्काल काटा जा सके ;

परंतु ऐसे अर्थ लीकेज प्रोटेक्टिव डिवाइसों की प्रोटेक्टिव डिवाइस वाली सिरोपरि आपूर्ति लाइनों के लिए आवश्यकता नहीं होगी, जो आपूर्ति ट्रांसफार्मरों के न्यूट्रल से प्रभावी रूप से बंधी है और विनियम 73 के अनुरूप है।"

8. उक्त विनियमों में, विनियम 43 के लिए, निम्नलिखित को रखा जाएगा अर्थात्:-

"43. विद्युत निरीक्षक द्वारा अनुमोदन और स्व-प्रमाणन-

(1) अधिसूचित और इससे कम वोल्टेज के प्रत्येक वैद्युत संस्थापन का निरीक्षण, जांच की जाएगी और आपूर्ति शुरू करने से पहले या छह महीने अथवा इससे ज्यादा समय से बंद संस्थापन को पुन: शुरू करने के लिए इन विनियमों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट सूचना उपायों का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने के लिए संस्थापन के स्वामी द्वारा उसे स्व-प्रमाणित किया जाएगा तथा ऐसा स्वामी वैद्युत निरीक्षक को स्व-प्रमाणन की रिपोर्ट अनुसूची-IV के, यथास्थिति, प्ररूप-I या प्ररूप-II या प्ररूप-III में, प्रस्तुत करेगा,

(2) वोल्टेज जिसके संबंध में वैद्युत प्रतिष्ठानों की जिसमें कि आपूर्तिकर्ता या उपभोक्ता का प्रतिष्ठान शामिल है, विद्युत निरीक्षक द्वारा निरीक्षण और जांच की जाएगी, को समुचित सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा!

(3) अधिसूचित वोल्टेज से अधिक के प्रत्येक वैद्युत संस्थापन और उत्पादक केंद्रों के सभी उपकरणों और विनियम 32 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट क्षमता से अधिक के प्रतिष्ठानों को आपूर्ति शुरू करने से पहले अथवा छह महीने या इससे अधिक समय से बंद प्रतिष्ठान को पुन: शुरू करने के लिए सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के लिए इन विनियमों के अंतर्गत वैद्युत निरीक्षक द्वारा जांचा जाएगा और निरीक्षण किया जाएगा:

परंतु कि स्वामी या आपूर्तिकर्ता या उपभोक्ता के पास समुचित सरकार के वैद्युत निरीक्षक द्वारा उसके प्रतिष्ठान की निरीक्षण और जांच का विकल्प है!

(4) वैद्युत निरीक्षक उप विनियम (1) में संदर्भित स्व-प्रमाणन रिपोर्ट की प्राप्ति के बाद, आपूर्तिकर्ता या स्वामी द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट को स्वीकार कर सकेगा और प्रत्येक मामले में परिस्थिति की अपेक्षा के अनुसार परिवर्तन अभिलिखित कर सकेगा और रिपोर्ट के अनुसार कमियों को दूर करने की सिफारिश कर सकेगा :

परंतु यह और कि अधिनियम की धारा 54 के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक वैद्युत प्रतिष्ठान जिस में खानों, तेल क्षेत्रों और रेलवे के प्रत्येक वैद्युत प्रतिष्ठान शामिल हैं, को उपविनियम (3) में यथा विनिर्दिष्ट समुचित सरकार के वैद्युत निरीक्षक द्वारा जांचा एवं निरीक्षित किया जाएगा।

(5) छह महीने से अधिक समय से काटी गई अधिसूचित वोल्टेज से अधिक के संस्थापन में आपूर्ति को शुरू अथवा पुन: शुरू करने के लिए वैद्युत निरीक्षक को आवेदन करने से पहले आपूर्तिकर्ता यह सुनिश्चित करेगा कि विद्युत आपूर्ति की उसकी लाइनें या अधिसूचित वोल्टेज से अधिक के उसके उपकरण सही स्थान पर लगे हैं, ठीक से जुड़े हुए हैं और ये पूरे हैं तथा इसकी जांच कर ली गई है और आपूर्तिकर्ता द्वारा विद्युत की आपूर्ति निरीक्षण की आवश्यकता की वोल्टेज वाले प्रतिष्ठान में इन विनियमों के अंतर्गत तब तक शुरू नहीं की जाएगी जब तक कि विनियमों 12 से 29, विनियम 33 से 35, विनियम 44 से 51 और विनियम 55 से 77 के उपबंधों का पालन न कर लिया गया हो और उसने वैद्युत निरीक्षक से लिखित में अनुमोदन प्राप्त कर लिया हो :

परंतु आपूर्तिकर्ता विनियम 46 में विनिर्दिष्ट परीक्षणों के प्रयोजन के लिए उपर्युक्त विद्युत आपूर्ति लाइनों या उपकरणों को ऊर्जित कर सकता है और सफलतापूर्वक परीक्षण के पश्चात, स्वामी कंडक्टर्ज अथवा टावरों की चोरी को रोकने के लिए इन विनियमों के सभी उपबंधों के विद्युत लाइन के एक भाग को ऊर्जित कर सकता है

(6) अधिसूचित वोल्टेज से अधिक के किसी संस्थापन का स्वामी अपने संस्थापन या वहां अतिरिक्त जुड़ाव के अनुमोदन के लिए वैद्युत निरीक्षक को आवेदन करने से पहले ओवरहैड लाईन के अतिरिक्त, प्रत्येक सर्किट या अतिरिक्त जुड़ाव की जांच करेगा और अपनी संतुष्टि करेगा कि वे विनियम 46 के उप-विनियम (1) में निर्धारित परीक्षण वोल्टेज के अनुसार लागू किए जा सकते हैं और इस प्रकार किए गए परीक्षणों को पूर्णतया दर्ज करेगा और इन्हें वैद्युत निरीक्षक को अग्रेषित करेगा:

परंतु वैद्युत निरीक्षक ऐसे स्वामी को इस प्रकार के परीक्षण जिन्हें वह जरूरी समझता हो, करने हेतु निर्देश दे सकता है या किसी विशेष उपकरण के संबंध में विनिर्माता के प्रमाणित परीक्षणों को इस विनियम में अपेक्षित परीक्षणों के स्थान पर स्वीकार कर सकता है।

(7) किसी भी संस्थापन का स्वामी जो अपने संस्थापन में कोई वृद्धि अथवा फेरबदल करता है तो वह उक्त फेरबदल या वृद्धि को शामिल करते हुए अपने उपकरणों या विद्युत आपूर्ति लाइनों में आपूर्ति को तब तक नहीं जोड़ेगा, जब तक कि इस वृद्धि या फेरबदल को, यथास्थिति, विद्युत निरीक्षक द्वारा लिखित में अनुमोदित नहीं किया गया हो या यह संस्थापन के स्वामी द्वारा स्व-प्रमाणित नहीं किया गया हो।

9. उक्त विनियमों में, सीमान्त शीर्ष और उप-विनियम (1), विनियम 44 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:-

"44. अधिसूचित वोल्टेज से अधिक की वोल्टेज पर विद्युत का प्रयोग:

(1) वैद्युत निरीक्षक आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति शुरू करने या जहां छह महीने और उससे भी अधिक समय से आपूर्ति काटी गई है वहां अधिसूचित वोल्टता से अधिक वोल्टता पर आपूर्ति को पुन: आरंभ करने के लिए उपभोक्ता को तब तक प्राधिकृत नहीं करेगा जब तक कि-

(क) सभी सुचालक और यंत्र उपभोक्ता के परिसर में इस प्रकार लगाए गए हों कि वे पदेन व्यक्ति को छोड़कर सभी की पहुंच से बाहर हों और उक्त सुचालकों और यंत्रों के संबंध में सभी प्रचालन एक पदेन व्यक्ति द्वारा ही किए जाएं;

(ख) उपभोक्ता द्वारा एक अलग भवन उपलब्ध करवा दिया है और उसके अनुरक्षण या डिजाईन और स्थान पर बनी सहमति के अनुसार एक मौसमानुकूल और अग्निरोधक बंद भवन के लिए सहमत हों, जो कि आपूर्तिकर्ता के उसके उपकरण और मीटर संबंधित उपस्कर रखने के लिए हर समय पहुंचगम्य हो, या फिर जहां अलग से भवन या चारदीवारी का प्रावधान न हो, उपभोक्ता ने आपूर्तिकर्ता के उपर्युक्त उपकरणों को किसी अन्य भाग में अपने उपकरणों से अलग न कर लिया हो;

बशर्ते कि इस प्रकार का पृथक्कीकरण अग्निरोधक दीवारों के प्रावधानों द्वारा किया जाएगा, यदि वैद्युत निरीक्षक इसे आवश्यक समझे तो :

इस के अतिरिकत, बशर्ते कि आउटडोर प्रतिष्ठान के मामले में, उपभोक्ता स्वयं ही आपूर्तिकर्ता से संबंधित उक्त उपकरण को उपयुक्त रूप से पृथक करेगा ;

(ग) सभी ध्रुवीय प्रकार के उप-केंद्र विनियम 50 के अनुसार निर्मित एवं अनुरक्षित हैं" ।

1686.57/15-2

10. उक्त विनियमों में, विनियम 63 में –

(क) उप-विनियमों (1) से (4) के स्थान पर निम्नलिखित उप विनियम रखे जाएंगे अर्थात:-

"(1) ओवरहैड लाइन के परिनिर्माण के पश्चात्, चाहे उस पर इंसुलैटिड पदार्थ लगाया गया हो या नहीं या भूमिगत केबल पर, किसी भी समय यदि कोई व्यक्ति एक नए भवन या संरचना या फ्लड बैंक को ऊंचा करना चाहे, सड़क तल ऊंचा करने का या स्थायी अथवा अस्थायी किसी अन्य प्रकार का कार्य करने के लिए या अंदर अथवा ऊपर कोई भवन या संरचना या फलड बैंक या सड़क में कोई स्थायी अथवा अस्थायी संवर्धन या बदलाव को प्रस्तावित करता है, तो वह तथा ठेकेदार जिसे उस उत्थापन, संवर्धन या बदलाव के लिए नियुक्त किया है, अपने ऐसा करने के इरादों की लिखित जानकारी आपूर्तिकर्ता या स्वामी और वैद्युत निरीक्षक को लिखित रूप में देगा और साथ ही प्रस्तावित भवन, संरचना, बाढ़ किनारों, सड़क या अन्य संवर्धन या बदलाव और निर्माण के दौरान आवश्यक चबूतर को दर्शाता हुआ एक माप रेखाचित्र उपलब्ध कराएगा।

(2) इस प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर, आपूर्तिकर्ता या स्वामी जांच करेगा कि, -

(क) क्या संदर्भित लाइन या भूमिगत केबल इन विनियमों के प्रावधानों और तत् समय प्रवृत अन्य किसी विधि के अनुसार बिछाई गई थी;

(ख) क्या यह तकनीकी रूप से व्यवहार्य है;

(ग) क्या यह मार्ग के अधिकार (आरओडब्ल्यू) की अपेक्षाओं की पूर्ति करती है;

(घ) क्या ऐसा व्यक्ति सिरोपरि लाईन या भूमिगत केबल के फेरबदल की लागत का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी था और यदि हां तो ऐसे व्यक्ति को सिरोपरि लाईन या भूमिगत केबल के फेरबदल में उपगत किये जाने वाले व्यय की लागत के साथ तीस दिनों के भीतर नोटिस जारी किया जाए और उसे सूचना प्राप्त होने के तीस दिन के भीतर प्राक्कलित लागत की रकम आपूर्तिकर्ता या स्वामी के पास जमा करवाना आवश्यक होगा।"

(3) यदि ऐसा व्यक्ति सिरोपरि लाइन अथवा भूमिगत केबल में फेरबदल की आपूर्तिकर्ता अथवा स्वामी द्वारा आंकी गई लागत को और यहां तक कि इस लागत के भुगतान के संबंध में दायित्व को चुनौती देता है तो विवाद इलेक्ट्रिक इंस्पेक्टर को भेज दिया जाएगा जो उपनियम (4) के अनुसरण में दोनों पक्षों की विवाद पर सुनवाई करने के पश्चात् निश्चिय करेगा।

(4) इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर निम्नलिखित के आधार पर सिरोपरि लाइन अथवा भूमिगत केबल में फेरबदल की लागत का आकलन करेगा, अर्थात्:-

(क) सामग्री की अवमूल्यित लागत को जमा करने के बाद फेरबदल में उपयोग की गई सामग्री की लागत जो विद्यमान लाइन अथवा भूमिगत केबल से उपलब्ध होगी;

(ख) फेरबदल करने में नियोजित श्रमिकों की मजदूरी;

(ग) पर्यवेक्षण प्रभार तथा इस प्रकार के फेरबदल के संबंध में अधिनियम की धारा 67 के उपबंधों के अनुपालन में आपूर्तिकर्ता अथवा स्वामी द्वारा उपगत किया गया प्रभारें" ;

(ख) उप नियम (6) और (7) के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् -

" (6) ऐसी इमारत, अवसंरचना, तटबंध, सड़क के ऊपर कोई कार्य और कोई विस्तार अथवा फेरबदल तब तक आरंभ नहीं होगा या जारी नहीं रखा रहेगा जब तक कि इलेक्ट्रिक इंस्पेक्टर यह प्रमाणित न कर दे कि उक्त निर्माण के दौरान अथवा उसके पश्चात् विनियम 58,60 तथा 61 और विनियम 76 के उपबंधों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए :

परंतु इलेक्ट्रिक इंस्पेक्टर, यदि इस बात से संतुष्ट है कि सिरोपरि लाइन अथवा भूमिगत केबल को इस प्रकार सुरक्षित किया गया है कि इससे लोगों अथवा संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित होती है, यह प्रमाणित कर सकता है कि सिरोपरि लाइन अथवा भूमिगत केबल में फेरबदल से पहले अथवा अस्थाई विस्तार अथवा फेरबदल के मामले में, सिरोपरि लाइन अथवा भूमिगत केबल में फेरबदल के बिना कार्य आरंभ किया जा सकता है।

(7) पूर्तिकार अथवा स्वामी, ऐसी जमाराशि प्राप्त होने के दो माह के भीतर अथवा ऐसी लंबी अवधि के भीतर जैसा कि इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किये जाएं अनुज्ञा दे सकेगा, सिरोपरि लाइन अथवा भूमिगत केबल में इस प्रकार से फेरबदल करेगा कि निर्माण के दौरान या पश्चात विनियम 58, 60, 61 और विनियम 76 के उपबंधों का उल्लंघन न हो"।

11. उक्त विनियमों में, विनियम 65 के उपविनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप विनियम रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(2) सब-स्टेशन की चारदीवारी अथवा 650 वो. से अधिक वोल्ट की विद्युत आपूर्ति लाइनों अथवा इनकी टावर अवसंरचना से 300 मी. के अंदर ऐसे सब-स्टेशन अथवा विद्युत आपूर्ति लाइनों अथवा टावर अवसंरचना के स्वामी की लिखित अनुमति के बिना और खनन पट्टा क्षेत्रों के मामले में; खानों के इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर की लिखित अनुमति के बिना किसी भी प्रयोजन के लिए ब्लास्टिंग का कार्य नहीं किया जाएगा।"

12. उक्त विनियमों में, विनियम 95 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात्:-

"95. नोटिस – (1) प्रत्येक वर्ष की फरवरी के पहले दिन अथवा इससे पहले, प्रत्येक खान अथवा तेल क्षेत्र के संबंध में, यंत्रों का साइज तथा प्रकार के साथ उपयोग की परिस्थितियों के संबंध में विवरण दर्शाने वाला रिटर्न जैसी भी आवश्यकता हो, खान इलैक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को विनियम 94 में विनिर्दिष्ट व्यक्तियों द्वारा अनुसूची-XI अथवा जैसा भी मामला हो, अनुसूची-XII, जो भी लागू हो, में उपबंधित प्ररूप में भेजा जाएगा।"

(6) विनियम 94 में विनिर्दिष्ट व्यक्ति, यंत्रों को प्रतिष्ठापित करने और उनकी उपस्थिति का ब्यौरा देते हुए खान और तेल क्षेत्र में किन्ही नये प्रतिष्ठानों के उपयोग में लाये जाने के आशय की कम से कम 7 दिन पहले लिखित नोटिस खान के इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को भी देंगे;

परंतु अधिक 650 वोल्ट तक वाले मौजूदा प्रतिष्ठान में किसी भी प्रकार के विस्तार अथवा फेरबदल के मामले में, किसी भी ऐसे विस्तार अथवा फेरबदल को उपयोग में लाने से पहले, खान के इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को तत्काल लिखित नोटिस भेजा जाएगा:

परंतु यह और कि यह विनियम दूरसंचार अथवा सिग्नलिंग उपकरणों पर लागू नहीं होगा।"

13. उक्त विनियमों में, विनियम 99 के स्थान पर निम्नलिखित विनियम रखा जाएगा, अर्थात्:-

"99. अर्थ करने का तरीका- किसी खान में जहां अर्थ करना आवश्यक हो, यह कार्य खान की सतह पर स्थित भू-संपर्क प्रणाली से कनेक्ट करके और खान के इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर द्वारा यथा अनुमोदित तरीके से किया जाएगा।"

14. उक्त विनियमों में, विनियम 105 में –

(क) उप विनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उप विनियम रखा जाएगा अर्थात :-

"(1) खान अथवा तेल-क्षेत्र की सप्लाई काटने के लिए खान के इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर द्वारा अनुमोदित स्थान पर उचित तौर से संनिर्मित स्विचगियर मुहैया कराया जाएगा;"

(ख) उप विनियम (4) के स्थान पर, निम्नलिखित उप नियम रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(4) यदि खान का इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर, सुरक्षा के हित में आवश्यक मानता है तो वह उप-विनियम (3) में विनिर्दिष्ट यंत्र को इस प्रकार व्यवस्थित करने के निर्देश दे सकता है कि प्रणाली के किसी भी खंड में किसी फाल्ट के होने के मध्यधीन रखते हुए विद्युत आपूर्ति स्वत: काटा जा सके"।

(ग) उप विनियम (6) के लिए, निम्नलिखित उप नियम को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"(6) यदि खान के इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर द्वारा, उचित समझे तो मोटर को स्विचगियर के जरिए कंट्रोल किया जाएगा ताकि ओवर करेंट, ओवर वोल्टेज तथा सिंगल फेजिंग की स्थिति में विद्युत आपूर्ति स्वत: कट जाए"।

15. उक्त विनियमों में, विनियम 110 के उप विनियम (9) के स्थान पर निम्नलिखित उप विनियम रखा जाएगा, अर्थात्:-

"(9) किसी ऐसी विद्युत आपूर्ति काटना या पुनयोजन लॉग शीट में नोट किया जाएगा जिसे अनुसूची XIII में निर्धारित प्रपत्र में रखा जाएगा और खान इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को यह रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी;"

16. उक्त विनियमों में, विनियम 115 के उपविनियम (1) में शब्द "निरिक्षक" जहां कहीं भी आता है के स्थान पर "खान इलैक्ट्रीकल इंस्पेक्टर" शब्द रखा जाएगा।

17. उक्त विनियमों में, विनियम 116 के उप विनियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :-

"(2) इलैक्ट्रिकल इंस्पैक्टर अथवा खान इलैक्ट्रिकल इंस्पैक्टर आदेश द्वारा लिखित में अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से विनियम 12 से 17, विनियम 28, विनियम 35 के उप विनियम (2) (3) और (5), विनियम 36 का उप विनियम (3), विनियम 37 के खंड (i) से (iv), विनियम 41 का खंड (xii), विनियम 43, विनियम 44 का उप विनियम (2), विनियम 46, विनियम 52 से 54, विनियम 57 से 61, विनियम 65, विनियम 72, विनियम 74, विनियम 78 से 91, विनियम 102, विनियम 107 का उप विनियम (6), (8) और (10) और विनियम 114 में निदिर्ष्ट मामलों के संबंध में विचलन की अनुमति दे सकता है"।

स्पष्टीकरण- इस उप-विनियम के अधीन इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर अथवा खान इलैक्ट्रीकल इंस्पेक्टर द्वारा विचलन की अनुमति देने वाला प्रत्येक आदेश केंद्रीय सरकार अथवा जैसा भी मामला हो राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जो ऐसे विचलनों को अननुज्ञात अथवा उन्हें पुनरीक्षित कर सकती है।"

18. उक्त विनियमों में, निरीक्षण रिपोर्ट के प्ररूपों से संबंधित अनुसूची- IV में-

(क) उप-शीर्षक "प्ररूप-1 के अधीन (250 वो. तक की तथा इसके सहित के वोल्ट का प्रतिष्ठापन)"

(i) भाग ---------- के स्थान पर

"रिपोर्ट सं..... निरीक्षण की तारीख.....

पिछले निरीक्षण की तारीख....."

के लिए

निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्

"रिपोर्ट सं.....इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर द्वारा निरीक्षण अथवा स्वामी द्वारा

स्व-प्रमाणन की तारीख.....

पिछले निरीक्षण अथवा स्व-प्रमाणन की तारीख....."

(ii) सारणी के पश्चात्, भाग .....के स्थान पर

"निरीक्षण अधिकारी के हस्ताक्षर/

नाम.....

पदनाम.....

फाईल सं.....

मुख्य इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को प्रति.....के लिए प्रेषित",

निम्नलिखत रखा जाएगा, अर्थात्:-

"निरीक्षण अधिकारी/स्व-प्रमाकत प्रमाणकर्ता पूर्तिकार अथवा स्वामी के हस्ताक्षर

नाम.....

पदनाम.....

फाईल सं.....

इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर/मुख्य इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को प्रति..... के लिए प्रेषित",

(ख) उप-शीर्षक "प्ररूप-II के अधीन (650 वो. तक की तथा इसके सहित और 250 वो. से अधिक वोल्ट का प्रतिष्ठापन)", -

(i) भाग --------- के लिए

"रिपोर्ट सं.....निरीक्षण की तारीख.....

पिछले निरीक्षण की तारीख....."

के स्थान पर

निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:-

"रिपोर्ट सं.....इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर द्वारा निरीक्षण अथवा स्वामी द्वारा स्व-प्रमाणन की तारीख.....

पिछले निरीक्षण अथवा स्व-प्रमाणन की तारीख....."

(ii) सारणी के पश्चात्, ---------- भाग के स्थान पर

"निरीक्षण अधिकारी के हस्ताक्षर

नाम.....

पदनाम.....

फाईल सं.....

मुख्य इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को प्रति.....के लिए प्रेषित",

निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:-

"निरीक्षण अधिकारी/स्व-प्रमाणकर्ता पूर्तिकार अथवा स्वामी के हस्ताक्षर

नाम.....

पदनाम.....

फाईल सं. ----------

इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर/मुख्य इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को प्रति.....के लिए प्रेषित",

(ग) उप-शीर्षक "प्ररूप- III (650 वो. से अधिक वोल्ट का प्रतिष्ठापन)

1680 GI/15-3

(i) भाग---------- के लिए

"रिपोर्ट सं.....निरीक्षण की तारीख.....

पिछले निरीक्षण की तारीख....."

के स्थान पर

निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:-

"रिपोर्ट सं.....इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर द्वारा निरीक्षण अथवा स्वामी द्वारा स्व-प्रमाणन की तारीख.....

पिछले निरीक्षण या स्व-प्रमाणन की तारीख "....."

(ii) सारणी के पश्चात्, भाग ---------- के लिए

"निरीक्षण अधिकारी के हस्ताक्षर/नाम.....

पदनाम.....

फाईल सं.....

मुख्य इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को प्रति..... के लिए प्रेषित",

के स्थान पर

निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:-

"निरीक्षण अधिकारी/स्व-प्रमाणकर्ता पूर्तिकार अथवा स्वामी के हस्ताक्षर

नाम.....

पदनाम.....

फाईल सं.....

इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर/मुख्य इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को प्रति.....के लिए प्रेषित",

[विज्ञापन-III/4/असा./187जी/15]

पी.डी. सिवाल, सचिव, केंद्रीय विद्युत प्राधिरण

टिप्पण : मूल विनियम भारत के राजपत्र असाधारण, भाग III, खण्ड 4 में अधिसूचना सं. सीईआई/1/59/के.वि.प्रा./ईआई तारीख 20 सितंबर, 2010 द्वारा प्रकाशित किए गए थे।

MINISTRY OF POWER

(CENTRAL ELECTRICITY AUTHORITY)

NOTIFICATION

New Delhi, the 13th April, 2015

No. CEI/1/2/2015.—Whereas the Central Electricity Authority published a public notice on the 28th September, 2014 in respect of the draft of the Central Electricity Authority (Measures relating to Safety and Electric Supply) Amendment Regulations, 2014, as required under sub-section (3) of section 177 of the Electricity Act, 2003 (36 of 2003) read with sub-rule (2) of rule 3 of the Electricity (Procedure for Previous Publication) Rules, 2005, inviting objections and suggestions from the persons likely to be affected thereby, before the expiry of the period of forty-five days, i.e., on or before the 12th November, 2014, from the date on which the copies of the publication containing the said public notice were made available to the public;

And whereas copies of the said publication containing the said public notice were made available to the public on the 28th September, 2014;

And whereas the objections and suggestions received from the public in respect of the said draft regulations have been duly considered by the Central Electricity Authority;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 177 read with section 53 of the said Act, the Central Electricity Authority hereby makes the following regulations, namely:—

1. **Short title and commencement.**—(1) These regulations may be called the Central Electricity Authority (Measures relating to Safety and Electric Supply) Amendment Regulations, 2015.

(2) These Regulations shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Central Electricity Authority (Measures relating to Safety and Electric Supply), Regulations 2010 (hereinafter referred to as the said regulations), in regulation 2, in sub-regulation (1), —

(A) after clause (f), the following clause shall be inserted, namely:—

'(fa) "Charted Electrical Safety Engineer" means a person as notified by the Appropriate Government as referred to in regulation 5A;';

(B) after clause (s), the following clause shall be inserted, namely:—

'(sa) "Electrical Inspector of Mines" means a person appointed as such by the Appropriate Government under sub-section (1) of section 162 for the purpose of electrical installations of mines and oil fields;';

(C) for clause (v), the following clause shall be substituted, namely:—

'(v) "flameproof enclosure" means an enclosure in which the parts which can ignite an explosive atmosphere are placed and which can withstand the pressure developed during an internal explosion of an explosive mixture and which prevents the transmission of explosion to the explosive atmosphere surrounding the enclosure;';

(D) after clause (za), the following clause shall be inserted, namely:—

'(zaa) "Inspecting Officer" means officer responsible for carrying out the testing and inspection of electrical installations under these regulations;';

(E) for clause (zc), the following shall be substituted, namely:—

